प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र आज से शुरू : वित्तमंत्री सुरेश खन्ना कल पेश करेंगे अनुपूरक बजट।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ियों से की आत्मानुशासन बनाये रखने की अपील : कहा– ड्रोन और हेलीकॉप्टर से होगी कांवड़ यात्रा की निगरानी व पुष्प वर्षा।
3. हाईकोर्ट से मिली अफजाल अंसारी को राहत : कृष्णानंद हत्याकांड मामले में गैंगस्टर के तहत मिली चार साल कैद की सजा हुई रद्द, बरकरार रहेगी संसद सदस्यता।

और

4. सावन के दूसरे सोमवार पर आज प्रदेश के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़े भक्त : श्री काशी विश्वनाथ धाम में भगवान शिव के गौरी शंकर स्वरूप में हुए दर्शन।

————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कल अनुपूरक बजट पेश करेंगे। सत्र से पहले आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने की अपील की। बाइट........

*सदन का मंच उस चर्चा का परिचिचर्य का विषयक बने इसलिये हम लोग पूरी तैयारी के साथ मेरी सहयोगीगण इसका जवाब देंगें। सरकार इसका जवाब देने के लिये पूरी तत्तपरता के साथ वहां पर उपस्थित रहेगी। सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके विधायी कार्य सकुशल सम्पन्न हो सके इसके लिये जो भी माननीय सदस्यगण है उन सबसे मैं अपील करूंगा कि वे सभी अपना सकारात्मक योगदान मानसून सत्र के सुचारू सम्पन्न करने में अपना योगदान देंगे।*

विधानसभा में मानसूत्र सत्र की शुरूआत हंगामे के साथ हुई। सपा सदस्यों ने बिजली, कानून व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर सदन में नारेबाजी की। सदन में स्वास्थ्य व्यवस्था और चिकित्सकों की कमी का मामला भी उठा। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों को चिन्हित किया गया है। प्रदेश के 74 जिलों मं डायलिसिस और 71 जिलों में सिटी स्कैन की व्यवस्था है। सपा सदस्यों की ओर से प्रदेश की बिजली व्यवस्था का मामला भी उठाया गया।

जवाब में ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि पहले की सरकारों की तुलना में बिजली व्यवस्था कई गुना बेहतर हुई है। ऊर्जा मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सपा सदस्य सदन स बाहर चले गये। इससे पहले मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल में शामिल चार नये सदस्यों का परिचय कराया। वहीं नेता प्रतिपक्ष का दायित्व माता प्रसाद पाण्डेय को सौंपा गया।

उधर, विधान परिषद में मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष ने प्रदेश की खराब कानून व्यवस्था और बलिया वसूली कांड पर सवाल उठाया। इसके जवाब में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जो भी अपराध में लिप्त हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगो, भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। सदन में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के तदर्थ शिक्षिकों की सेवा समाप्त किये जाने के निर्णय को वापस लेने की मांग की गई। इस पर सभापति ने कहा कि इस मामले को सदन की अध्यक्षता में बनी कमेटी के सामने रखा जाये। इसके अलावा आज सदन में नेता प्रतिपक्ष बने सपा के लाल बिहारी यादव को सभी ने बधाई दी।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी शिवभक्त हैं। कोई भी पर्व, कोई भी साधना बिना आत्मानुशासन के पूरी नहीं होती। सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए हमें अपने अन्तःकरण से ही नहीं, बल्कि बाहरी रूप से भी पूरी प्रक्रिया के साथ लीन होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश शासन ने मिलकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा के लिए अनेक प्रबंध किए हैं। आवश्यकता के अनुसार ड्रोन और हेलीकॉप्टर से निगरानी और पुष्प वर्षा की व्यवस्था की है। कहीं कोई अव्यवस्था न हो, कोई भी उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ न करने पाये। इन सब

बातों को ध्यान में रखकर उपाय किये गये हैं। सरकार पेट्रोलिंग के साथ ही स्वास्थ्य शिविर समेत अन्य प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों से अपील की है कि व्यवस्था के साथ जुड़कर पूरी श्रद्धा व विश्वास के साथ आत्मानुशासन बनाये रखते हुए सावन मास की कांवड़ यात्रा सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में योगदान दें। बाइट............

*मैं सभी शिवभक्तों से अपील करूंगा आदिदेव महादेव की कृपा हम पर बनी रहे। हम व्यवस्था के साथ जुड़ करके इस पूरी यात्रा का न केवल आनन्द ले बल्कि पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ आत्मानुशासन का परिचय देते हुए इस पावन श्रावण मास के कांवड़ यात्र कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे। आप सबकी युग, सुरक्षित यात्रा के लिये मेरी मंगलमय शुभकामनाएं।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित किया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 7 वर्षों में हमने साढ़े छह लाख सरकारी भर्ती की। इसमें 60 फीसदी ओबीसी समाज की भर्ती की है। 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में हमने इसको लागू किया। विपक्षी गठबंधन के पिछड़ा समर्थक होने के दावे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार में 86 एसडीएम की नियुक्ति हुई। 86 में से 56 सिर्फ एक ही जाति से थे। वे लोग इस बात पर खामोश हो जाते हैं।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

जिंगल

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कृष्णानंद हत्याकांड मामले में गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर मामले में मिली चार साल कैद की सजा को रद्द कर दिया है। अब अफजाल की संसद सदस्यता बरकरार रहेगी। यह फैसला न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनाया है।

अफजाल अंसारी को गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने कृष्णानंद हत्याकांड के बाद गैंगस्टर मामले में चार साल की सजा सुनाई थी। अफजाल अंसारी ने सजा को रद्द करने और राज्य सरकार व कृष्णानंद राय के बेटे ने सजा बढ़ाने की अपील हाइकोर्ट में दाखिल की थी। इसके पहले अफजाल की अपील हाइकोर्ट ने खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

सुप्रीम कोर्ट ने सजा को निलंबित करते हुए फिर से सुनवाई के लिए मामले को हाईकोर्ट वापस भेज दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने चार जुलाई का फैसला सुरक्षित किया था।

——————————

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मथुरा में आज संस्कृति विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को मेडल दिए। इस मौके पर श्री कोविंद ने कहा कि लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें और कठिनाइयां आने पर रास्ता न छोड़ें। चुने हुए मार्ग पर आगे बढ़ते रहेंग तो मंजिल जरूर मिलेगी। पूर्व राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। एक स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ शरीर और बेहतर शिक्षा आवश्यक है।

——————————

आज सावन के दूसरे सोमवार पर प्रदेश के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही कांवड़िये और श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक और दर्शन कर रहे हैं। वाराणसो के श्री काशी विश्वनाथ धाम में भगवान शिव के गौरी शंकर स्वरूप का श्रृंगार किया जा रहा है। शामली, बस्ती, पीलीभीत, आगरा और अमरोहा समेत प्रदेश के अन्य जिलों में सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी

हुई हैं। छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ में भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.........

*सावन के दूसरे सोमवार को कांवरियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम गोला मंदिर सहित पूरे जनपद लखीमपुर में कर रखे थे गोला गोकर्णनाथ मंदिर की तरफ आने वाले हर रास्ते पर कांवरियों सहित शिव भक्तों का जन्म सैलाब देखते ही बनता था, मानो पूरा गोला केसरिया रंग की चादर से सजा दिया गया हो। पूरे जनपद में जगह–जगह भंडारे ,स्वास्थ्य कैंप ,विश्राम स्थल आदि के कैंप प्रशासन सहित समाज सेवी संस्थाओं ने आयोजित कर रखे थे। फिलहाल गोला सहित जनपद के सभी शिव मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ देखी गई शिवभक्त हर हर बम बम के उद्घोष के साथ शिवलिंग का जलाभिषेक करते नजर आए।*

*श्यामजी अग्निहोत्री, आकाशवाणी समाचार, गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी*

——————————

आज अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस के मौके पर इटावा की लायन सफारी पार्क प्रशासन ने अनुभूति कार्यक्रम शुरू किया है। सफारी पार्क के निदेशक अनिल पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत हर शुक्रवार ग्रामीण अंचल के स्कूली बच्चों को सफारी पार्क में भ्रमण कराया जायेगा।

——————————

पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक फाइनल मैच के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कल भारतीय समय के अनुसार दिन में एक बज उनका सामना दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्हो से होगा।

**(समाप्त)**